आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 06.06.2024 समय 18.30

- केंद्र में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां जारी– भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की।
- राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों में पिछले पांच साल में भर्ती हुए कर्मचारियों के दस्तावेजों की जांच के लिए आंतरिक समिति बनाने के निर्देश दिये।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने जनजाति क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए तेज गति से काम करने पर बल दिया।
- राज्य के अधिकतर जिलों में लू का असर खत्म–कल से 9 जून तक अजमेर, जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार।

000

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए द्वारा नई सरकार गठन के संबंध में लगातार बैठकें की जा रही है। आज भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। श्री नड्डा के आवास पर हुई इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, मनसुख मांडविया, सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जनता दल यूनाइटेड के कई नेता भी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर पहुंचे ।

कल नई दिल्ली में एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के संसदीय दल की बैठक होने वाली है। इस बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिव सेना (शिंदे गुट), जेडी (एस) और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है।

इस बीच इंडिया गठबंधन के नेताओं की भी बैठकों का दौर जारी रहा। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी और पार्टी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। आम आदमी पार्टी नेता और

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शिव सेना–यूबीटी नेता संजय राउत के साथ बैठक की। वहीं कांग्रेस ने 8 जून को पार्टी की कार्य समिति की बैठक बुलाई है।

इस बीच निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता को हटा लिया है।

000

लोकसभा सचिवालय ने 18वीं लोकसभा के लिये निर्वाचित सांसदों के दिल्ली पहुंचने के मद्‌दे नजर विशेष इंतजाम किये हैं। एक विज्ञप्ति में सचिवालय ने कहा है कि सदस्यों के स्वाागत और उनका निर्बाध पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए अनेक कदम उठाये गए हैं। समय की बचत और पेपर रहित डिजिटल प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए नवनिर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण ऑनलाइन इंटिग्रेटेड सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा। सचिवालय में नवनिर्वाचित सदस्यों् के लिए एस बी आई बैंक खाता खोलने, स्थााई पहचान पत्र और केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना कार्ड जारी करने के लिए भी प्रबंध किये गए हैं। आज से 14 जून तक शनिवार और रविवार समेत रोजाना सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर मार्ग दर्शक चौकियां बनाई गई हैं। इसके अलावा सदस्यों के अस्थाई रूप से रहने की व्यवस्था वैस्टर्न कोर्ट एनेक्सी्, होस्टल, राज्य और केन्द्रशासित भवनों तथा अतिथि गृहों में की गई है।

000

राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों में पिछले पांच साल में हुई भर्तियों के जरिये आये कर्मचारियों के दस्तावेजों की जांच के लिए सभी विभागों को आंतरिक समिति बनाने के निर्देश दिये हैं। कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमन्त गेरा ने सभी विभागों को आदेश जारी कर कहा है कि आन्तरिक कमेटी यह जांच करे कि परीक्षा देने वाला तथा

नौकरी करने वाला लोकसेवक एक ही व्यक्ति है। साथ ही भर्ती किये गये कर्मचारियों के शैक्षणिक पात्रता के दस्तावेज तथा आवेदन के समय प्रस्तुत आवेदन पत्र, फोटो, हस्ताक्षर की भली–भांति जांच की जाए। जांच में जिन कर्मचारियों की भर्ती के संबंध में सूचनाएं संदिग्ध हों, उनकी सूचना एसओजी को उपलब्ध करायी जाये। गौरतलब है कि पिछले सालों में हुई विभिन्न भर्तियों में डमी परीक्षार्थी और फर्जी डिग्री के जरिये नौकरी प्राप्त करने के विभिन्न मामले सामने आने के बाद राज्य सरकार ने यह निर्णय किया है।

000

देश में आगामी एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। उनमें समय व मांग के अनुसार नये प्रावधान शामिल किये गए हैं। इसी के बारे में जागरूकता के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिन में नई श्रृंखला शुरू की जा रही है। इसमें हम श्रोताओं को इन कानूनों में किये गये नये प्रावधानों के बारे में हर रोज जानकारी देंगे।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में स्नैचिंग के बारे में प्रावधान जोड़े गये हैं। अब स्नैचिंग को धारा 304 के तहत एक अपराध के रूप में चिन्हित करते हुए 3 साल तक की कैद और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि स्नैचिंग किसी समूह द्वारा की गई है, तो ये छोटे संगठित अपराध के तहत भी आता है। स्नैचिंग के मामलों के लिए किये गये नये प्रावधानों से मोबाइल छीनने की घटनाओं में संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा, वित्तीय जानकारी और पासवर्ड की सुरक्षा के मद्दे नजर छीनने के कृत्य को अपराध बनाकर संरक्षित किया गया है। ऐसी घटनाओं के दौरान होने वाले शारीरिक आघात झेलने की बात को भी कानून में स्थान दिया गया है।

000

राज्य में अनुसूचित जाति और जनजाति के बेरोज़गार युवाओं के लिए आगामी एक जुलाई से विशेष कोचिंग योजना शुरू की जाएगी। 12 महीने चलने वाली इस योजना के तहत 80 बेरोज़गार युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। इसके लिए कोचिंग देने वाले संस्थान कल तक आवेदन दे सकते हैं। ये संस्थान अंग्रेज़ी, कम्प्यूटर बेसिक, अंग्रेज़ी टाइपिंग, सामान्य ज्ञान तथा अंग्रेज़ी और हिंदी में स्टेनोग्राफ़ी का प्रशिक्षण दे सकेंगे।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य के जनजाति क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए तेज गति से प्रयास किए जाने का आह्वान किया है। श्री मिश्र आज राजभवन में जनजाति कल्याण के लिये संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। श्री मिश्र ने आदिवासी क्षेत्रों में खाली पदों को भरने के लिए सभी स्तरों पर गंभीर प्रयास किए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्रों में मजबूत स्वास्थ्य तंत्र विकसित हो तथा सहज और सस्ता उपचार उपलब्ध कराना प्राथमिकता होना चाहिए। उन्होंने आदिवासी इलाकों में चिकित्सकों, पैरामेडिकल तथा शैक्षणिक और अशैक्षणिक खाली पदों को भरने के लिए प्राथमिकता से काम करने की अपील की। श्री मिश्र ने वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाने वाली उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति की मंजूरी और भुगतान समय पर किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रवृति आवेदन प्रक्रिया सहज और सरल बनाई जाए ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें।

000

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर का आठवां दीक्षान्त समारोह कल आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र करेंगे। विश्वविद्यालय

के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने बताया कि इस दिन विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह भी मनाया जाएगा। दीक्षान्त और स्थापना दिवस समारोह को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। कुलपति ने बताया कि दीक्षान्त समारोह में वर्ष 2021 की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए 1 लाख 26 हजार 880 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। वहीं इसी वर्ष की परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त करने वाले 54 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे।

000

प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी जिलों में आज भी हल्की बारिश हुई हालांकि अभी भी कई जिलों में तेज गर्मी का असर है। राज्य में पिछले चार–पांच दिन में हुई बारिश से ज्यादातर जिलों में लू का असर खत्म हो गया है और अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। बीती रात ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान 25 से 30 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। चरू और सवाईमाधोपुर, भीलवाडा में आज भी भषण गर्मी रही। मौसम विभाग ने कल से 9 जून तक अजमेर, जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद मेघगर्जन, आंधी और हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चार–पांच दिन अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने तथा पारा 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज होने की संभावना है।

000

कोटा के डकनिया तलाव रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास पर 111 करोड़ 18 लाख रूपये की लागत आयेगी। स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति का निरीक्षण नियमित अन्तराल पर डीआरएम सहित संबंधित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में कोटा मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी ने डकनिया स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य की प्रगति का निरीक्षण कर आधारभूत संरचनाओं के विकास की कार्ययोजना की जानकारी ली। डीआरएम ने रावथा रोड़ रेलवे

स्टेशन यार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डिपो में संरक्षा तथा सुरक्षा के सभी मानकों का प्राथमिकता से पालन करने के निर्देश भी दिये।

000

बीकानेर के हाड़ला बरसिंगसर के गैप एरिया में बजरी, सिलिका सेंड और बॉल क्ले के भण्डारों को देखते हुए राज्य सरकार ने इस क्षेत्र में नीलामी के लिए **प्लॉट** तैयार कर ऑक्शन की हरी झण्डी दे दी है। खान सचिव आनंदी ने बताया कि बीकानेर के हाडला बरसिंगसर का 272 वर्ग किलोमीटर और भाने का गांव और लौहिया के 319 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को एक अधिसूचना जारी कर अनारक्षित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में यह क्षेत्र आरक्षित होने के कारण **प्लॉटों** का आक्शन नहीं हो पा रहा था। खनन प्लॉट्स की नीलामी के बाद अवैध खनन पर प्रभावी रोक लग सकेगी। इसके साथ ही बीकानेर, चुरु, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित आसपास के क्षेत्र में बजरी की सहज उपलब्धता संभव हो सकेगी।

000

बांसवाडा जिले के सदर थाना क्षेत्र के नवागांव में करंट लगने से एक लाइन मैन की मृत्यु हो गई। ये लाइन मैन बिजली पोल पर चढ़कर केबल ठीक कर रहा था उसी दौरान करंट लगने से वह नीचे जमीन पर गिर गया। गंभीर हालत में उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

000

चूरु जिले की बीनासर ग्राम पंचायत में जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही उनका निस्तारण करवाया। अधिकतर समस्याएं चिकित्सा, बिजली–पानी की आपूर्ति से संबंधित थीं। इस अवसर पर विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

000